**(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)**
**केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान**
**संतोषनगर :: डाकघर -सैदाबाद :: हैदराबाद - 500 059**

फोन : 040-24530161, 040-24530163

**विज्ञापन संख्या. सीआरआईडीए/01/2013**
**(आशुलिपिक ग्रेड-III)**

इस संस्थान में वेतन बैंड : 5200-20200 रुपए + 2400/- रुपए के ग्रेड वेतन में **आशुलिपिक ग्रेड-III (अनारक्षित) के दो (02)** पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके लिए आवश्यक एवं अन्य योग्यताओं का विवरण इस प्रकार है :-

| | | |
|---|---|---|
| (अ) शैक्षिक एवं अन्य योग्यताएं | :: | किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विश्वविद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण या समतुल्य । |
| | :: | **वृत्तिक क्षमता :-** |
| | | आवेदक को अंग्रेजी या हिंदी में 80 शब्द प्रति मिनट की गति से 10 मिनट की डिक्टेशन दी जाएगी। |
| | | परीक्षा के लिए अंग्रेजी का विकल्प चुनने वाले आवेदक को दिए गए डिक्टेशन को कंप्यूटर पर अनुलिपि(टाईप) करने के लिए 50 मिनट का समय दिया जाएगा एवं परीक्षा के लिए हिंदी का विकल्प चुनने वाले आवेदक को दिए गए डिक्टेशन को कंप्यूटर पर अनुलिपि(टाईप) करने के लिए 65 मिनट का समय दिया जाएगा। |
| (आ) आयु | :: | 18-27 वर्ष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्गों के लिए भारत सरकार के नियमों के अनुसार अधिकतम ऊपरी आयु में छूट दी जाएगी) |
| | | भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रशासनिक वर्ग(लिपिक वर्गीय) में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के मामले में ऊपरी आयु सीमा में छूट 45 वर्ष तक है। |

**आवेदकों के लिए सामान्य अनुदेश :-**

01. उपरोक्त पद के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।
02. लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को परीक्षा के भाग के रूप में आशुलिपि परीक्षा में अर्हता प्राप्त करनी होगी।

03. कें.बा.कृ.अनु.सं.(क्रीडा) में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार के 16-22 नवंबर, 2013 के अंक में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन तक है। डाक विलंब एवं असंपूर्ण/अहस्ताक्षरित सहित किसी भी कारण से नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

04. पूर्ण आवेदन को संलग्न प्रोफार्मा में भरकर नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो, आयु, शैक्षणिक अर्हताओं,अंक पत्रों, टाइपिंग, आशुलिपि, अनुभव, जाति स्तर (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्गों के मामले में निर्धारित फार्म में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया प्रमाणपत्र) के प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियों को **100/- रुपए**(केवल एक सौ रुपए) के आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) के साथ **'ICAR Unit A/c. - CRIDA'** के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक, ईदी बाज़ार शाखा (कोड सं. 8026), हैदराबाद को देय क्रॉस डिमांड ड्राफ्ट सहित निदेशक, केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, संतोषनगर कॉलोनी, सैदाबाद पोस्ट, हैदराबाद 500 059 को भेजें। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सभी महिला अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क की अदायगी में छूट दी गई है।
**अन्य पिछडे वर्ग** के अभ्यर्थियों के मामले में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा केंद्र सरकार के फारमेट में जारी किया गया जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाए, अन्यथा आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

05. निर्धारित अर्हताएं न्यूनतम हैं। यदि विज्ञापन की प्रतिक्रिया के रूप में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं तो प्रतिमानकों के अनुसार संस्थान अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करेगा।

06. निदेशक, केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के पास आवेदनों की जांच के बाद परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या की सूची को सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है। अभ्यर्थियों द्वारा चयन/परीक्षा/साक्षात्कार/नियुक्ति के बारे में किया गया पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल शार्ट लिस्टिड अभ्यर्थियों को ही परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

07. ये पद अस्थाई हैं लेकिन जारी रह सकते हैं एवं इन पदों पर भारत सरकार की 01.01.2004 से प्रभावी तथा समय-समय पर संशोधित या आशोधित **नई पेंशन योजना** लागू होगी।

08. नियुक्ति स्थान केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद होगा, तथापि नियुक्त व्यक्ति भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारत में कहीं भी स्थित किसी भी संस्थान में कार्य हेतु बाध्य होगा।

09. केंद्र/राज्य सरकार/उपक्रम/स्वायत्तशासी निकाय आदि में सेवारत अभ्यर्थियों को अपना आवेदन **उचित माध्यम द्वारा** भेजना चाहिए। उन्हें अपने वर्तमान नियोक्ता से प्राप्त 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' की एक प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करनी होगी।

10. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को दैनिक भत्ता/यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा। हालांकि, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को भारत सरकार के नियमानुसार यात्रा भत्ता दिया जाएगा।

11. आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तारीख होगी।

12. अभ्यर्थी को केंद्रीय बारानी कृषि अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व उसके किसी भी संस्थान में कार्य कर रहे अपने संबंधी, यदि कोई हो, के नाम की घोषणा करनी होगी।

13. आवेदन के लिफाफे पर **'आशुलिपिक ग्रेड-III के पद के लिए आवेदन'** लिखना आवश्यक है।

14. आवेदन फार्म एवं सामान्य अनुदेशों को इस संस्थान की वेबसाइट www.crida.in से डाउनलोड किया जा सकता है।